कुलसचिव /
परीक्षा नियंत्रक

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ,
वाराणसी-२२१००२
Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith,
Varanasi-221002

दिनांक : 16 जून, 2021

परीक्षा के सम्बन्ध में सूचना

1. समस्त परीक्षाएं यथासंभव 15 जुलाई से प्रारम्भ कर 31 जुलाई तक सम्पन्न करा लिया जायेगा।
2. मौखिकी परीक्षा ऑनलाइन होगी।
3. परीक्षा की अवधि 1.30 घण्टे की होगी। जिसमें लघु उत्तरीय एवं दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों का उत्तर देना होगा। लघुउत्तरीय एवं दीर्घउत्तरीय प्रश्न दो खण्डों में होगें।
4. एक विषय के सभी प्रश्नपत्रों को सम्मिलित करते हुए एक प्रश्नपत्र होगा।
5. स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्रों की परीक्षा होगी। जो पाठ्यक्रम चार वर्षीय है उनके द्वितीय एवं चतुर्थ वर्ष की परीक्षा होगी।
6. स्नातक प्रथम वर्ष के छात्रों को द्वितीय वर्ष में प्रोन्नत किया जायेगा तथा वर्ष–2022 में होने वाले उनके द्वितीय वर्ष की परीक्षा के अंकों के आधार पर उनके प्रथम वर्ष का परिणाम एवं अंक निर्धारित किया जायेगा।
7. जो छात्र द्वितीय वर्ष के है, उन्हें राष्ट्रगौरव एवं पर्यावरण की परीक्षा में सम्मिलित होना होगा साथ ही तृतीय वर्ष के ऐसे छात्र जो प्रथम वर्ष के राष्ट्रगौरव की परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं है उन्हें राष्ट्रगौरव की परीक्षा के साथ पर्यावरण की परीक्षा भी देनी होगी।
8. स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर एवं अन्तिम सेमेस्टर की समस्त प्रश्न पत्रों की परीक्षाएं होगी (बी0कॉम0 एवं बी0ए0 मास0 कॉम0 आनर्स छोडकर)। स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के अंक के आधार पर द्वितीय सेमेस्टर के अंक निर्धारित करते हुए प्रोन्नत किया जाएगा। तदोपरान्त तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश दे दिया जाएगा।
9. स्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ तथा स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों को उनके प्रथम/तृतीय सेमेस्टर के आधार पर अंक निर्धारित कर प्रोन्नत किया जायेगा।
10. विधि की परीक्षा होगी। विधि की परीक्षा भी अन्य पाठ्यक्रमों की भांति होगी, जो बार काउन्सिल ऑफ इंडिया द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में आयोजित की जायेगी।
11. एम0बी0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं पूर्व की भांति ओ0एम0आर0 पद्धति से होगी।
12. कोरोना संक्रमण के कारण यदि कोई छात्र परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाता है, तो उस दशा में छात्र को उस कोर्स/प्रश्नपत्र के विशेष परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अवसर दिया जा सकता है जो विश्वविद्यालय की सुविधानुसार आयोजित किया जा सकेगा जिससे छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा/क्षति न हों। उपर्युक्त प्राविधान चालू शैक्षणिक सत्र 2020–21 के लिए केवल एक बार लागू होगा।
13. ऐसे छात्र जो उपरोक्त व्यवस्था से परीक्षा के घोषित परिणाम से संतुष्ट नहीं होगें, वे वर्ष–2022 में आयोजित होने वाली बैक पेपर परीक्षा अथवा सत्र 2022–23 में आयोजित होने वाली वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा के उन समस्त/किसी भी विषय में सम्मिलित होकर अपने अंकों में सुधार करने के अवसर प्राप्त कर सकेंगे।
14. उक्त समस्त शैक्षिक सत्र 2020–21 की वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षाओं पर ही लागू होगे।

कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक

Scanned By Scanner Go